हडको
hudco
A NAVRATNA CPSE

# विकासशील तेलंगाना

## प्रथम अंक




## हडको क्षेत्रीय कार्यालय
## हैदराबाद (तेलंगाना)

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय सम्मानित




सत्यमेव जयते

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम)

## हैदराबाद-सिकंदराबाद

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि वर्ष **2024-25** की अवधि में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए **हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको)** को **श्रेणी – अधिकतम 25 कार्मिक** के अंतर्गत **"राजभाषा शील्ड"** के **प्रथम पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 29.05.2025

अनुराग कुमार ANURAG KUMAR
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक C&MD
इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Electronics Corporation of India Limited
हैदराबाद HYDERABAD-500 062
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम)



# विकासशील तेलंगाना


## मुख्य संपादक

**श्री पी. सुभाष रेड्डी**
क्षेत्रीय प्रमुख

## संपादक

**श्रीमती टी. एच. मीरा देवी**
संयुक्त महाप्रबंधक (परियोजना) / हिन्दी नोडल अधिकारी

**श्री सी. रजनी कांत**
सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) / हिन्दी नोडल सहायक

## विशेष सहयोग

श्री सैयद रहीमुद्दीन, संयुक्त महाप्रबंधक (परियोजना)

श्रीमती कीर्ति एस कपूर, सहायक महाप्रबंधक (वित्त)

श्रीमती बी श्रवणथी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

श्री अमन कुमार अवधिया, प्रशिक्षण अधिकारी (परियोजना)



# अनुक्रमणिका


| क्रम | शीर्षक | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | संदेश | 01 |
| 2 | संपादकीय | 02 |
| 3 | तेलंगाना के साथ हडको की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती | 03 |
| 4 | भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री माननीय श्री जी. किशन रेड्डी द्वारा आयोजित "मीट एंड ग्रीट" कार्यक्रम। | 05 |
| 5 | विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश में UiWIN की क्षेत्रीय कार्यशाला के दौरान MoU पर हस्ताक्षर | 06 |
| 6 | श्री रामा कृष्णा राव, IAS, मुख्य सचिव, तेलंगाना के साथ 09.05.2025 को व्यावसायिक बैठक | 07 |
| 7 | हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने वर्ष 2025–26 के दौरान (स्थापना के बाद से) अब तक की सर्वाधिक ऋण स्वीकृतियाँ एवं रिलीज़ प्राप्त कीं | 08 |
| 8 | हैदराबाद में 54 EC कैपिटल गेन बॉन्ड्स अरेंजर्स की बैठक | 09 |
| 9 | हैदराबाद में तेलंगाना राज्य के ULBs के लिए क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा UiWIN और क्रेडिट एन्हांसमेंट पहल योजनाओं पर प्रस्तुति। | 12 |
| 10 | हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में 55वें हडको वार्षिक दिवस - 2025 का समारोह | 13 |
| 11 | सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 | 15 |
| 12 | योग से स्वास्थ्य और संतुलन की ओर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 | 23 |
| 13 | हिंदी पखवाड़ा–2025 : राजभाषा के सशक्त प्रयोग की दिशा में एक कदम | 25 |
| 14 | हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, HUDCO में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का उत्सव | 27 |
| 15 | हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में एलईडी डिस्प्ले बोर्ड की स्थापना | 28 |
| 16 | गोदावरी पेयजल आपूर्ति परियोजना (चरण–II एवं III) तथा मूसी नदी पुनर्जीवन पहल | 29 |
| 17 | तेलंगाना पेयजल योजना: एक सफल प्रयास | 30 |
| 18 | इंदिरम्मा इंदलू (Indiramma Indlu) और 2 BHK आवास योजना: गरीबों के लिए एक सशक्त कदम | 31 |
| 19 | तेलंगाना क्षेत्रीय रिंग रोड परियोजना (उत्तरी खंड) के भूमि अधिग्रहण के लिए हडको ने 2700 करोड़ रुपये का टर्म लोन स्वीकृत किया | 32 |
| 20 | हडको की सीएसआर सहायता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संसथान (AIMS), बीबीनगर, तेलंगाना | 33 |
| 21 | जीएसआरटीसी (TGSRTC) द्वारा ई-बसों और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए HUDCO की वित्तीय सहायता: पर्यावरण के प्रति एक बड़ा कदम | 34 |
| 22 | निज़ाम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (NIMS) को HUDCO की सीएसआर (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता | 35 |
| 23 | भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी (IRCS), तेलंगाना राज्य शाखा को HUDCO की सीएसआर (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता | 36 |
| 24 | CSR के अंतर्गत HUDCO द्वारा की डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर सोसाइटी, मुलुगु को वित्तीय सहायता | 37 |
| 25 | हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में खेल दिवस - 2026 का आयोजन | 38 |
| 26 | हडको - हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय की एक्सकर्शन ट्रिप | 41 |
| 27 | राजभाषा सशक्तिकरण की दिशा में हडको: नराकास के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिताए | 42 |
| 28 | माँ मेरी ढाल & ख़ुबानी का मीठा | 45 |
| 29 | समक्का–सरलम्मा जातरा: इतिहास और महत् | 46 |
| 30 | तेलंगाना राज्य में हडको प्रचलन संचयी प्रदर्शन | 47 |





# संदेश



**प्रिय साथियों,**

हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, हडको द्वारा हिंदी गृह पत्रिका 'विकासशील तेलंगाना के प्रथम अंक के प्रकाशन पर मुझे अत्यंत प्रसन्नता एवं गर्व की अनुभूति हो रही है। यह पहल न केवल राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि संगठनात्मक संवाद को सुदृढ़ करने का भी एक प्रभावी माध्यम है। यह राज्य अपनी प्रगतिशील सोच, तीव्र शहरीकरण एवं आधारभूत संरचना के निरंतर विस्तार के लिए देश में एक विशिष्ट स्थान रखता है। 'विकासशील तेलंगाना' नामक पत्रिका इस विकास यात्रा के विविध आयामों, उपलब्धियों, नवाचारों एवं अनुभवों को अभिव्यक्त करने में सार्थक सिद्ध होगी।

मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका ज्ञान, नवाचार एवं प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संगठन के उद्देश्यों के प्रति और अधिक समर्पित होने के लिए प्रेरित करेगी। इस उत्कृष्ट प्रयास के लिए मैं हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त कार्मिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। आशा है कि यह पत्रिका निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

**संजय कुलश्रेष्ठ**
*अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक*
*हडको*





# संपादकीय



प्रिय पाठकों,

हडको क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की प्रथम हिंदी गृह पत्रिका 'विकासशील तेलंगाना' के प्रकाशन के अवसर पर आप सभी के समक्ष यह संपादकीय प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह पत्रिका केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक प्रयासों, विचारों और उपलब्धियों का सजीव दस्तावेज है।

तेलंगाना राज्य, अपने निरंतर विकास, नवाचारों एवं आधुनिक आधारभूत संरचना के लिए देश में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हडको, अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप, आवास एवं शहरी विकास के क्षेत्र में सदैव योगदान दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में, 'विकासशील तेलंगाना' एक ऐसा मंच है, जहाँ हम अपने अनुभवों, परियोजनाओं, सफलताओं एवं सीखों को साझा कर सकते हैं।

इस पत्रिका का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना भी है। विविध भाषाई पृष्ठभूमि के बावजूद हिंदी हमें एक सूत्र में बाँधने का कार्य करती है। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका न केवल हमारी रचनात्मक अभिव्यक्ति को सशक्त करेगी, बल्कि संगठन के भीतर संवाद और सहभागिता को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

मैं यह उल्लेख करना चाहता हूँ कि 10 वर्ष के अंतराल के बाद हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पुनः एक हिंदी पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। इससे पूर्व तीन अंक "डेक्कन दर्शन" नाम से प्रकाशित किए गए थेI तेलंगाना राज्य को हडको द्वारा प्रदान की गई महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता तथा उभरते हुए तेलंगाना के विकास में HUDCO की सक्रिय भूमिका को ध्यान में रखते हुए पत्रिका का नाम बदलकर "विकासशील तेलंगाना" रखने का निर्णय लिया गया है।

मैं इस पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करता हूँ। आप सभी के सहयोग से यह प्रयास निश्चित ही एक सशक्त परंपरा के रूप में स्थापित होगा।

आइए, हम सब मिलकर 'विकासशील तेलंगाना' को ज्ञान, नवाचार और प्रेरणा का सशक्त माध्यम बनाएं।

पी. सुभाष रेड्डी

**(पी. सुभाष रेड्डी)**
*क्षेत्रीय प्रमुख, हडको*
*हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय*



# तेलंगाना के साथ HUDCO की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती

हडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) द्वारा हैदराबाद की रणनीतिक यात्रा का उद्देश्य तेलंगाना सरकार के साथ हडको की सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करना तथा राज्य में संचालित प्रमुख विकासात्मक पहलों पर सार्थक विचार-विमर्श करना था। इस यात्रा ने राज्य के विकास पथ में हडको की भूमिका को एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध वित्तीय साझेदार के रूप में पुनः स्थापित किया।





माननीय मुख्यमंत्री श्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ हुई बैठक के दौरान CMD ने अवगत कराया कि हडको ने विगत छह माह में राज्य की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के लिए ₹10,600 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृत किए हैं। उन्होंने हडको की हालिया पहलों जैसे UiWIN, छोटे शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) के लिए क्रेडिट एन्हांसमेंट योजना, अर्बन मोबिलिटी फंड तथा अर्बन चैलेंज फंड के बारे में जानकारी साझा की और भविष्य में सहयोग के नए क्षेत्रों पर भी चर्चा की।

माननीय मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के परिवर्तनकारी विकास दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए भारत फ्यूचर सिटी, मेट्रो रेल विस्तार, मूसी रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, इंदिरम्मा आवास कार्यक्रम, रीजनल रिंग रोड तथा प्रमुख दक्षिण भारतीय शहरों से बेहतर एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इन पहलों के लिए प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर हडको के निरंतर सहयोग में गहरी रुचि व्यक्त की। CMD ने राज्य की प्राथमिक परियोजनाओं में हडको के पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर CMD को भारत फ्यूचर सिटी में आयोजित तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट में आमंत्रित भी किया गया।



CMD ने राज्य के मुख्य सचिव श्री के. रामकृष्ण राव, IAS, के साथ भी बैठक कर प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों में हडको की सहायता तथा उच्च लागत वाले ऋणों के पुनर्वित्तपोषण (Refinancing) की संभावनाओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, HMDA के महानगर आयुक्त एवं हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री सरफराज अहमद, IAS, के साथ हुई बैठक में हैदराबाद मेट्रो रेल फेज़–II में हडको की भागीदारी, विशेषकर परिसंपत्ति मुद्रीकरण (Asset Monetization) मॉडलों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



समग्र रूप से यह यात्रा हडको और तेलंगाना सरकार के बीच सहयोग को नई दिशा देने वाली सिद्ध हुई। यह साझेदारी राज्य के समावेशी, सतत एवं भविष्य-सक्षम शहरी विकास के विज़न के अनुरूप वित्तीय समर्थन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।





# भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री माननीय श्री जी. किशन रेड्डी द्वारा आयोजित "मीट एंड ग्रीट" कार्यक्रम।

श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक 26.02.2026 को सायं 6:00 बजे, हॉल सं.-4, हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र, माधापुर में तेलंगाना में कार्यरत भारत सरकार के विभिन्न कार्यालयों के विभागाध्यक्षों के साथ "मीट एंड ग्रीट" कार्यक्रम आयोजित किया गया I

उक्त कार्यक्रम में माननीय मंत्री महोदय द्वारा राज्य में कार्यरत सभी केंद्रीय सरकारी विभागों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको), हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से श्री पी. सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख ने भाग लिया।

माननीय मंत्री महोदय के साथ हुई बातचीत के दौरान क्षेत्रीय प्रमुख ने हडको का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए तेलंगाना राज्य में निगम की गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी दी।










# विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश में UiWIN की क्षेत्रीय कार्यशाला के दौरान MoU पर हस्ताक्षर

हडको, हैदराबाद के क्षेत्रीय कार्यालय ने 15 और 16 मार्च, 2022 को विशाखापत्तनम में आयोजित UiWIN की पहली क्षेत्रीय कार्यशाला के दौरान, भारत सरकार के MoHUA के सचिव, हडको के CMD और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में, तेलंगाना सरकार के अधिकारियों के साथ निम्नलिखित तीन MoU पर हस्ताक्षर किए हैं:

1) क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से ULB की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए NIUM, हैदराबाद के साथ MoU।

2) UiWIN के तहत राज्य के ULB के भीतर 'रिंग फेन्स्ड एरिया' (Ring Fenced Area) के व्यापक विकास के लिए तेलंगाना सरकार के MA & UD सचिव के साथ MoU।

3) UiWIN के तहत नलगोंडा नगर पालिका के 'रिंग फेन्स्ड एरिया' के समग्र विकास के लिए नलगोंडा नगर निगम के साथ MoU।








# श्री रामा कृष्णा राव, IAS, मुख्य सचिव, तेलंगाना के साथ 09.05.2025 को व्यावसायिक बैठक



क्षेत्रीय प्रमुख ने जे.जी.एम. (पी) के साथ दिनांक 09.05.2025 को मुख्य सचिव कार्यालय में तेलंगाना के मुख्य सचिव श्री रामकृष्ण राव, आईएएस से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख ने श्री रामकृष्ण राव को तेलंगाना राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी तथा राज्य में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में हडको (HUDCO) के योगदान के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने हडको के सहयोग की सराहना करते हुए बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY 2.0) के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आवास कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसके सफल क्रियान्वयन हेतु हडको से वित्तीय सहयोग का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (HMWSSB) द्वारा संचालित गोदावरी पेयजल आपूर्ति योजना (फेज-II) के लिए भी हडको की वित्तीय सहायता लेने पर सहमति व्यक्त की।

क्षेत्रीय प्रमुख ने राज्य में आवास एवं जल आपूर्ति योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु हडको की पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि हडको राज्य के ऐसे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने की संभावनाएं तलाश रहा है, जो पुनर्भुगतान के दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर हों। इस पर मुख्य सचिव ने हडको के प्रयासों की सराहना की तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



# हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने वर्ष 2025–26 के दौरान (स्थापना के बाद से) अब तक की सर्वाधिक ऋण स्वीकृतियाँ एवं रिलीज़ प्राप्त कीं




हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय  ने वर्ष 2014–15 में अपनी स्थापना के बाद से अब तक की ऋण स्वीकृतियों और रिलीज़  दोनों में सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हडको प्रबंधन के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग से संभव हो पाई है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कार्यालय ने निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त कीं:

- ऋण स्वीकृतियाँ : ₹12,197.17 करोड़
- रिलीज़ : ₹5,274.25 करोड़

यह पिछले वर्ष की तुलना में ऋण स्वीकृतियों में उल्लेखनीय 71% वृद्धि तथा रिलीज़ में प्रभावशाली 207% वृद्धि को दर्शाता है।

यह उपलब्धि पूरे दल के सामूहिक प्रयास, प्रतिबद्धता और समर्पण का परिणाम है। हम इस गति को बनाए रखते हुए भविष्य में और भी उच्च उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं।

हम हडको के विकास लक्ष्यों में और अधिक योगदान देने तथा इस प्रगति की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं|



# हैदराबाद में 54 EC कैपिटल गेन बॉन्ड्स अरेंजर्स की बैठक

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको) ने 06 जून, 2025 को हैदराबाद के होटल ताज कृष्णा में एक निवेशक सम्मेलन आयोजित किया। यह कार्यक्रम 54ईसी कैपिटल गेन्स बॉन्ड को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। हुडको को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा 7 अप्रैल को जारी अधिसूचना के माध्यम से 54ईसी कैपिटल गेन्स बॉन्ड जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। हुडको अब उन चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के समूह में शामिल हो गया है जो निवेशकों के लिए कर-बचत उपकरण प्रदान करते हैं।






कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों श्री दलजीत सिंह खत्री, निदेशक (वित्त), श्री जी नागेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केफिनटेक, श्री एलवीएस सुधाकर बाबू, कार्यकारी निदेशक (वित्त), श्री पी सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख, हैदराबाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।.

कार्यक्रम में मेसर्स केफिनटेक के वरिष्ठ अधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वित्तीय और निवेश सलाहकार, प्रमुख ब्रोकिंग हाउस के प्रतिनिधि, संग्रह बैंक और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। उपस्थित प्रतिभागियों ने हडको द्वारा हाल ही में शुरू किए गए 54ईसी कैपिटल गेन्स बॉन्ड को बढ़ावा देने में अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया।

















निदेशक (वित्त) ने अपने उद्घाटन भाषण में 54ईसी कैपिटल गेन बॉन्ड के बारे में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यकारी निदेशक (वित्त) ने हुडको के संचालन और 54ईसी कैपिटल गेन बॉन्ड के तहत शामिल प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुति दी। क्षेत्रीय प्रमुख, हैदराबाद ने प्रतिभागियों को आवास और शहरी विकास क्षेत्रों में हुडको द्वारा वित्तपोषित प्रमुख परियोजनाओं सहित तेलंगाना राज्य में हुडको के संचालन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने सभी सहयोगियों से 54ईसी हुडको कैपिटल गेन बॉन्ड को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने और इसे एक बड़ी सफलता बनाने का अनुरोध किया।















प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान हुडको के अधिकारियों ने प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर दिए। सत्र का समापन श्री गगन कुमार मोदानी, सहायक महाप्रबंधक (वित्त) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम को स्थानीय प्रेस ने भी कवर किया। विभिन्न प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्रों की प्रेस कतरनें नीचे संलग्न हैं:



# हैदराबाद में तेलंगाना राज्य के ULBs के लिए क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा UiWIN और क्रेडिट एन्हांसमेंट पहल योजनाओं पर प्रस्तुति।

हैदराबाद में 06/12/2025 को डॉ. श्रीदेवी, IAS, सचिव, MA&UD, तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित एक परामर्श कार्यशाला में, क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा HUDCO की हालिया पहलों जैसे UiWIN और क्रेडिट एन्हांसमेंट पहल योजना पर एक प्रस्तुति दी गई।

इस कार्यशाला में पूरे तेलंगाना राज्य के 130 से अधिक ULBs के नगर आयुक्तों, नगर योजनाकारों और इंजीनियरों ने भाग लिया।







## हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में 55वें हडको वार्षिक दिवस - 2025 का समारोह

हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा HUDCO का 55वाँ स्थापना दिवस – 2025 का आयोजन

हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने हडको का 55वाँ स्थापना दिवस – 2025 बड़े उत्साह के साथ 29 मई 2025 को होटल ताज डेक्कन, हैदराबाद में मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री पी. सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने संबोधन में देशभर में तथा विशेष रूप से तेलंगाना राज्य में आवास परियोजनाओं, शहरी अवसंरचना और समावेशी विकास को समर्थन देने में हडको की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय प्रमुख ने संगठन के वर्षों से दिए गए योगदान का उल्लेख करते हुए हडको प्रबंधन द्वारा हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय को सौंपे गए लक्ष्यों की प्राप्ति में कर्मचारियों की समर्पण भावना और टीमवर्क की सराहना की।

कार्यक्रम में विभिन्न एजेंसियों के अधिकारी भी आमंत्रित किए गए थे। श्रीमती पुष्पलता, मुख्य लेखा अधिकारी, तथा अन्य अधिकारियों ने तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (TGSRTC) का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा एजेंसी के अधिकारियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान हडको द्वारा आवास एवं शहरी विकास पहलों के वित्तपोषण में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाती एक लघु वीडियो भी प्रदर्शित की गई। कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में पूरे उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का समापन श्री आर.पी. नाइक, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने इस अवसर को सफल और यादगार बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।













Financing Infrastructure Beyond Housing
WELCOME TO
55TH ANNUAL DAY CELEBRATIONS







# सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025
# “सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी” हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय

कॉर्पोरेट सतर्कता विभाग, हडको, नई दिल्ली के परिपत्र दिनांक 16 सितंबर 2025 के निर्देशों के अनुपालन में हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 का आयोजन किया गया। इस वर्ष सप्ताह की थीम “सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी” रही, जो सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करती है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा संगठन के भीतर तथा समाज के व्यापक वर्गों तक सतर्कता का संदेश पहुँचाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य कर्मचारियों, स्कूली बच्चों एवं आम जनता में नैतिक आचरण, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता तथा जवाबदेही की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

आयोजन के अंतर्गत आंतरिक कार्यक्रमों के साथ-साथ आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से सतर्कता संबंधी जागरूकता फैलाने पर विशेष बल दिया गया। इस पहल ने न केवल कर्मचारियों में सतर्कता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाई, बल्कि समाज में ईमानदारी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण आचरण के महत्व को भी प्रभावी रूप से स्थापित किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है—





## सत्यनिष्ठा की शपथ : सतर्कता के प्रति सामूहिक संकल्प

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत 27 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सभी कर्मचारी एकत्रित हुए तथा सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के संदेशों का वाचन किया गया। इन संदेशों के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, नैतिकता और उत्तरदायित्व के महत्व पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को सीवीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से भी शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों से इस वर्ष की थीम "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" के अनुरूप आचरण करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर विशेष ज़ोर दिया कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने कार्य और व्यक्तिगत जीवन के सभी पहलुओं में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और सतर्कता के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए। यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम संगठन में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और सतर्कता की संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।






## विशेष अतिथि का संबोधन : भ्रष्टाचार के विरुद्ध साझा संकल्प

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र देव को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार निरोधक उपायों पर सारगर्भित संबोधन दिया तथा इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध संघर्ष में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को रेखांकित किया।

अपने संबोधन में श्री नरेंद्र देव ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकारी एजेंसियों की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक की भी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की गैरकानूनी



अथवा भ्रष्ट प्रथाओं के प्रति सजग रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर मुखबिर (व्हिसलब्लोअर) के रूप में आगे आकर सूचना देने का साहस दिखाएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि गलत कार्यों की समय पर सूचना देना न केवल कानून का समर्थन है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का भी परिचायक है।

इस अवसर पर उन्होंने मुखबिर बनने से संबंधित प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों पर भी प्रकाश डाला, जिससे कर्मचारियों में विश्वास एवं जागरूकता बढ़े। उनका यह प्रेरक संबोधन उपस्थित कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ और संगठन में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं सतर्कता की संस्कृति का और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक बना।










## सतर्कता जागरूकता हेतु वॉकथॉन (walkathon):ईमानदारी की ओर कदम

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अवसर पर हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के मानव संसाधन प्रभाग (एचआरओ) द्वारा एक वॉकथॉन (walkathon) का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाले कर्मचारियों को हडको के लोगो वाली टी-शर्ट तथा इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के नारे अंकित प्लेकार्ड प्रदान किए गए, जिससे सतर्कता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया जा सके।

यह वॉकथॉन 27 अक्टूबर 2025 को एचएसीए भवन से बशीरबाग तक आयोजित की गई, जिसमें हडको के कर्मचारियों के साथ-साथ जीएसटी, आयकर विभाग एवं तेलंगाना राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों, जैसे तेलंगाना राज्य उद्योग विकास



निगम आदि के आसपास स्थित कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। इस सामूहिक सहभागिता ने कार्यक्रम को व्यापक सामाजिक स्वरूप प्रदान किया।

वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य सतर्कता के महत्व, भ्रष्टाचार से निपटने तथा सुशासन को बढ़ावा देने में आम जनता सहित सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम न केवल एक प्रतीकात्मक पहल रहा, बल्कि ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्वपूर्ण आचरण के प्रति सामूहिक संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुआ।












### बैनरों का प्रदर्शन : जन-जागरूकता की प्रभावी पहल

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत आम जनता तक सतर्कता का संदेश पहुँचाने के उद्देश्य से विधानसभा मेट्रो रेल स्टेशन, लकड़ी-का-पुल बस स्टैंड तथा नामपल्ली रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता बैनरों का प्रदर्शन किया गया। इन स्थलों का चयन आम जनता की अधिकतम आवाजाही को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिससे सतर्कता, ईमानदारी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित हो सके। यह पहल जनसहभागिता को सुदृढ़ करने एवं सतर्कता को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हुई।











## एलईडी डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शन : डिजिटल माध्यम से सतर्कता का संदेश

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के एलईडी डिस्प्ले बोर्ड पर सप्ताह के पालन से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया गया। इस डिजिटल माध्यम द्वारा सतर्कता, ईमानदारी एवं पारदर्शिता से जुड़े संदेशों को निरंतर प्रसारित कर कर्मचारियों एवं आगंतुकों में जागरूकता बढ़ाई गई, जिससे सतर्कता को दैनिक कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास किया गया।









## विद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन : भविष्य पीढ़ी में सतर्कता का संस्कार

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत आउटरीच गतिविधियों के एक महत्वपूर्ण भाग के रूप में हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय (एचआरओ) द्वारा जिला परिषद हाई स्कूल, हैदरशकोटे, गांडीपेट मंडल, रंगा रेड्डी जिला, हैदराबाद का चयन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में इस वर्ष की थीम "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" के अनुरूप ईमानदार एवं भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन एवं वक्तृत्व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिन्हें जूनियर वर्ग (कक्षा 5 से 7) तथा सीनियर वर्ग (कक्षा 8 एवं 9) में विभाजित किया गया। प्रतियोगिताओं हेतु विद्यार्थियों को आवश्यक ए4 आकार के श्वेत पत्र उपलब्ध कराए गए। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने विचार, दृष्टिकोण एवं सामाजिक दायित्व की भावना को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को निवारक सतर्कता उपायों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में सक्रिय और जिम्मेदार भागीदार के रूप में प्रेरित करना था। यह पहल भविष्य की पीढ़ी में नैतिक मूल्यों, ईमानदारी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिकता के बीज बोने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुई।









## पुरस्कार वितरण समारोह : ईमानदारी और जिम्मेदारी का संदेश

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत आयोजित विद्यालयी प्रतियोगिताओं के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री पी. सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख, हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सतर्कता का अर्थ सजग, जिम्मेदार और नैतिक आचरण के रूप में समझाया तथा इसे उनके दैनिक जीवन से जोड़ा। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक ईमानदारी अपनाने और अपने विद्यालय एवं समुदाय में ईमानदारी तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विद्यालय में आयोजित निबंध लेखन एवं वक्तृत्व प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के पश्चात जूनियर एवं सीनियर श्रेणियों के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की गई। क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कविता रेड्डी सहित अन्य शिक्षण स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की अधिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। यह आयोजन विद्यार्थियों में सतर्कता, ईमानदारी और उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिकता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरक पहल सिद्ध हुआ।






ROUND TABLE INDIA FTESCH
ZILLA PARISHAD HIGH SCHOOL
HYDERSHAKOTE GANDIPET MANDAL RANGA REDDY DIST TS
हडको - हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय
HUDCO - HYDERABAD REGIONAL OFFICE
" सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी "
" Vigilance: Our Shared Responsibility "


हडको - हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय


FRANKLIN TEMPLETON
ROUND TABLE INDIA FTESCHOOL BLOCK
ZILLA PARISHAD HIGH SCHOOL
HYDERSHAKOTE GANDIPET MANDAL RANGA REDDY DIST TS



# योग से स्वास्थ्य और संतुलन की ओर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025

हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" रही, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करती है। इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम आधे दिन का रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रमुख श्री पी. सुभाष रेड्डी के प्रेरक संबोधन से हुआ। उन्होंने योग को केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और तनावमुक्त रखने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से न केवल मानसिक तनाव में कमी आती है, बल्कि कार्यक्षमता में वृद्धि, मन–शरीर में सामंजस्य तथा रोग-प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में भी सहायता मिलती है।

इस अवसर पर आमंत्रित योग प्रशिक्षक श्री जी. राघव जी ने कर्मचारियों को संतुलित आहार एवं दैनिक योग अभ्यास के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने वार्म-अप अभ्यासों के साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया तथा प्रत्येक आसन के शारीरिक एवं मानसिक लाभों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। उनके मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास किया और इसे अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख, हैदराबाद द्वारा सभी कर्मचारियों को "योग एवं स्व-विकास" विषयक पुस्तक भेंट स्वरूप प्रदान की गई। यह आयोजन कर्मचारियों के लिए न केवल स्वास्थ्यवर्धक अनुभव रहा, बल्कि सामूहिक ऊर्जा, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।





















# हिंदी पखवाड़ा–2025 : राजभाषा के सशक्त प्रयोग की दिशा में एक कदम

हिंदी भारत की राजभाषा के रूप में प्रशासनिक एकरूपता, राष्ट्रीय एकता और समावेशी विकास की सशक्त आधारशिला है। यह देश के विभिन्न भाषायी एवं सांस्कृतिक समुदायों को जोड़ने का कार्य करती है तथा शासन और जनता के बीच प्रभावी संवाद का माध्यम बनती है। आधिकारिक कार्यों में हिंदी के व्यापक प्रयोग से पारदर्शिता, जनसहभागिता और सुशासन को बढ़ावा मिलता है, जिससे नीतियों एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। साथ ही, शिक्षा, प्रशासन, तकनीक और सामाजिक क्षेत्रों में हिंदी का सुदृढ़ उपयोग राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करता है और सतत राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 14 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा–2025 का सफल आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ 15 सितंबर 2025 को श्री पी. सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख की अध्यक्षता में किया गया।

उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख ने हिंदी की उपयोगिता एवं राजभाषा के रूप में उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अधिकाधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाए, जिससे व्यापक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।










हिंदी पखवाड़े के आरंभ के पश्चात हिंदी नोडल अधिकारी द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी कर्मचारियों से सक्रिय सहभागिता का अनुरोध किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं



कर्मचारियों ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत प्रतियोगिताओं के साथ-साथ हिंदी कार्यशाला, हिंदी कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया तथा 14 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस भी मनाया गया। पंद्रह दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं राजभाषा कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए गए।





समापन अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री पी. सुभाष रेड्डी ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ाने का आह्वान किया।













हिंदी पखवाड़ा - 2025 के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर हिंदी नोडल अधिकारी ने हिंदी पखवाड़ा/राजभाषा पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु अध्यक्ष महोदय एवं सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





## हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, HUDCO में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का उत्सव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2026 को HUDCO के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करना और उनकी सराहना करना था। इस वर्ष का विषय “Give to Gain” रहा, जो सशक्तिकरण, सहयोग तथा पारस्परिक विकास के महत्व को रेखांकित करता है।

हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय की महिला कर्मचारी तथा संविदा कर्मचारी ने इस उत्सव में बड़े उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। इस अवसर को सम्मानपूर्वक मनाने के लिए एक विशेष केक-कटिंग समारोह का आयोजन किया गया।

इसके पश्चात्, महिलाओं की प्रतिबद्धता और संगठन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में क्षेत्रीय प्रमुख श्री पी. सुभाष रेड्डी द्वारा महिला कर्मचारियों तथा संविदा कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए









# हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में एलईडी डिस्प्ले बोर्ड की स्थापना

मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में, हडको के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा हाका परिसर में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एक आधुनिक आउटडोर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किया गया है। यह डिस्प्ले बोर्ड ऐसे स्थान पर लगाया गया है जहाँ से आम जनता को स्पष्ट रूप से दिखाई देता है ।










मुख्यालय के मार्गदर्शन के अनुसार, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अक्टूबर, 2025 के दौरान हडको की भर्ती अभियान से संबंधित सूचनाओं को इस एलईडी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया गया। इस पहल से न केवल हडको की गतिविधियों की व्यापक जानकारी आम जनमानस तक पहुँची, बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसरों के प्रति भी जागरूक किया गया।

यह प्रयास हडको की पारदर्शिता, जनसंपर्क सुदृढ़ीकरण तथा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# गोदावरी पेयजल आपूर्ति परियोजना (चरण–II एवं III) तथा मूसी नदी पुनर्जीवन पहल

हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड द्वारा हैदराबाद शहर की बढ़ती जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गोदावरी पेयजल आपूर्ति परियोजना (चरण–II एवं III) तथा मूसी नदी के पुनर्जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत गोदावरी नदी से 15 टीएमसी जल उपलब्ध कराया जाएगा तथा उस्मानसागर एवं हिमायतसागर जलाशयों के पुनर्भरण के लिए 5 टीएमसी जल प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार कुल 20 टीएमसी जल का उपयोग कर हैदराबाद शहर की दीर्घकालिक पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

परियोजना की कुल अनुमानित लागत ₹7360.00 करोड़ है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिसमें परियोजना लागत का 40% भाग राज्य सरकार द्वारा तथा 60% भाग ठेकेदार एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार के 40% अंश अर्थात ₹2944.00 करोड़ की वित्तीय व्यवस्था हेतु हडको से ऋण प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है।

यह परियोजना हैदराबाद शहर में सतत एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, उस्मानसागर एवं हिमायतसागर जलाशयों के पुनर्जीवन तथा मूसी नदी के पर्यावरणीय पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से शहर के जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन के साथ-साथ नागरिकों को दीर्घकालिक जल सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।








## तेलंगाना पेयजल योजना: एक सफल प्रयास

तेलंगाना राज्य सरकार ने जल आपूर्ति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसका उद्देश्य राज्य के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। इस योजना के तहत, तेलंगाना ड्रिंकिंग वाटर सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड (TDWSCL) को HUDCO (हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड) द्वारा 4715 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गायी है। इस वित्तीय सहायता के माध्यम से राज्य भर में जल आपूर्ति की स्थिति को बेहतर बनाने और हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

इस परियोजना के तहत लगभग 25,000 गांवों और 65 शहरों को कवर किया गया है, जहां पानी की आपूर्ति को सुरक्षित, शुद्ध और प्यूरीफाइड किया गया है। यह परियोजना कुल 5376.97 करोड़ रुपये की लागत से लागू की गई है, जो तेलंगाना के ग्रामीण, शहरी और आदिवासी इलाकों के निवासियों को पीने के लिए साफ और सुरक्षित पानी उपलब्ध करवाना है ।

इस पहल के माध्यम से तेलंगाना राज्य में जल संकट को हल करने में बड़ी सफलता मिली है और राज्य के समग्र विकास में भी यह कदम महत्वपूर्ण साबित हुआ है। जहां एक ओर यह परियोजना ग्रामीण इलाकों में जल की उपलब्धता बढ़ाने में सफल रही है, वहीं शहरी और आदिवासी क्षेत्रों में भी जल आपूर्ति के स्तर को बेहतर की है। इसके अलावा, जल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार और जल वितरण प्रणाली की सुदृढ़ता में भी महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं।

इस परियोजना ने तेलंगाना राज्य में जल संकट को काफी हद तक कम किया है और जीवन स्तर में सुधार किया है। इसके माध्यम से राज्य की जनता को साफ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता मिली है, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

इस प्रकार, तेलंगाना सरकार की यह पहल एक सशक्त और सफल कोशिश रही है, जिसने राज्य की जनता के लिए जल आपूर्ति की स्थिति को पूरी तरह से बदल दी है और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में भी योगदान दी है।





# इंदिरम्मा इंदलू (Indiramma Indlu) और 2 BHK आवास योजना: गरीबों के लिए एक सशक्त कदम

तेलंगाना राज्य में हडको ने सस्ती आवास योजनाओं के तहत महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की है, जो गरीब और वंचित वर्गों के लिए एक बड़ी पहल साबित हो रही है। हडको ने तेलंगाना हाउसिंग बोर्ड को 3000 करोड़ रुपये का ऋण सहायता मंजूर किया है, जिसके तहत 95,235 इंदिरम्मा मकानों का निर्माण किया जाएगा। यह मकान विशेष रूप से BPL (नीचले आर्थिक स्तर) और EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) परिवारों के लिए बनाए जा रहे हैं। इस परियोजना के तहत, प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 57,141 और 38,098 आवास इकाइयों का निर्माण किया गया है।

इसी क्रम में, हडको ने तेलंगाना हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को ₹5000 करोड़ की अतिरिक्त ऋण सहायता प्रदान की है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में 1,46,628 आवास इकाइयों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, राज्य में 2-BHK आवासों के निर्माण के लिए ₹2400 करोड़ की वित्तीय सहायता भी स्वीकृत की गई है।









# तेलंगाना क्षेत्रीय रिंग रोड परियोजना (उत्तरी खंड) के भूमि अधिग्रहण के लिए हडको ने 2700 करोड़ रुपये का टर्म लोन स्वीकृत किया

तेलंगाना क्षेत्रीय रिंग रोड परियोजना के उत्तरी भाग के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने तेलंगाना रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीजीआरडीसी) को 2700 करोड़ रुपये का टर्म लोन स्वीकृत किया है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत शामिल है, जिसका उद्देश्य देशभर में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करना है।

तेलंगाना क्षेत्रीय रिंग रोड परियोजना राज्य में गुजरने वाले विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित करेगी। इसके साथ ही, यह परियोजना न केवल यातायात दबाव को कम करने में सहायक होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगी।

इस महत्वपूर्ण पहल को गति देते हुए हडको ने चालू वर्ष में 526.87 करोड़ रुपये की पहली ऋण किस्त जारी कर दी है। यह कदम भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज करने और परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम पड़ाव माना जा रहा है।

तेलंगाना राज्य की यह प्रतिष्ठित अवसंरचना परियोजना क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने के साथ-साथ निवेश, उद्योग और रोजगार के अवसरों को भी प्रोत्साहित करेगी। हडको की सक्रिय भागीदारी इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।




हैदराबाद क्षेत्रीय रिंग रोड



# हडको की सीएसआर  सहायता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संसथान (AIMS), बीबीनगर, तेलंगाना

हडको द्वारा सीएसआर  के अंतर्गत तेलंगाना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संसथान (AIMS), बीबीनगर (हैदराबाद महानगर क्षेत्र), को ₹250.00 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। यह सहायता 1000 mAs फिक्स्ड रेडियोग्राफी प्रणाली तथा 3D/4D अल्ट्रासाउंड मशीन जैसे चिकित्सा उपकरणों की खरीद हेतु प्रदान की गई है, जिससे निर्धन एवं गरीबी रेखा से नीचे के रोगियों को लाभ होगा।



श्री पी. सुभाष रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख, हैदराबाद ने हडको की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता हेतु स्वीकृति पत्र-सह-समझौता दिनांक 04/08/2025 को AIMS, बीबी नगर के डॉ. बिपिन पी. वर्गीज, उप निदेशक (प्रशासन) को सौंपा। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक अरोड़ा (चिकित्सा अधीक्षक), श्री गोवर्धन (अधिशासी अभियंता) तथा डॉ. एस. कल्याणी (अपर चिकित्सा अधीक्षक एवं सीएसआर अध्यक्ष) उपस्थित थे।



# टीजीएसआरटीसी (TGSRTC) द्वारा ई-बसों और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए HUDCO की वित्तीय सहायता: पर्यावरण के प्रति एक बड़ा कदम

कुल परियोजना लागत : ₹ 502.69 करोड़

ऋण स्वीकृत : ₹ 395.00 करोड़

तेलंगाना राज्य रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (TGSRTC) ने राज्य में सुरक्षित, स्वच्छ और प्रभावी सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। HUDCO की वित्तीय सहायता से राज्य के विभिन्न बस डिपो में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा रही है, जिससे इलेक्ट्रिक बसों का संचालन संभव हो सके।

इस पहल के तहत, टीजीएसआरटीसी ने ग्रॉस कॉस्ट मॉडल पर 1000 नई ई-बसों को शामिल करने का निर्णय लिया है। इन बसों के संचालन के लिए 34 बस डिपो में आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है।

इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग से प्रदूषण, शोर और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे यात्रियों को अधिक आरामदायक और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा का अनुभव मिल रहा है। यह पहल डीजल बसों पर निर्भरता कम करने और हरित परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

HUDCO की वित्तीय सहायता और टीजीएसआरटीसी की इस दूरदर्शी पहल ने तेलंगाना में सतत और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था की मजबूत नींव रखी है, जो भविष्य के लिए स्वच्छ, आधुनिक और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन का मार्ग प्रशस्त करती है।





# निज़ाम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (NIMS) को HUDCO की सीएसआर (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत निज़ाम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (NIMS) को ₹93.83 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। उक्त स्वीकृत राशि का पूर्ण रूप से वितरण वर्ष 2025-26 में कर दिया गया है, जो कि वर्ष 2024-25 में चिकित्सा उपकरणों की खरीद हेतु अनुमोदित की गई थी।

एनआईएमएस, हैदराबाद (NIMS) एवं आसपास के क्षेत्रों में एक प्रमुख तृतीयक स्तर का शिक्षण अस्पताल एवं विश्वविद्यालय होने के कारण प्रतिदिन औसतन लगभग 3500 बाह्य रोगियों (OPD) को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें मुख्यतः समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के लोग शामिल हैं। संस्थान में विभिन्न विभागों में अत्यधिक रोगी भार के कारण विशिष्ट एवं आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की कमी है।

हडको द्वारा प्रदान की गई इस वित्तीय सहायता से आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे न केवल उपचार की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि गरीब एवं बीपीएल (BPL) परिवारों से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और उपचार परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।












# भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी (IRCS), तेलंगाना राज्य शाखा को HUDCO की सीएसआर (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी (IRCS), तेलंगाना राज्य शाखा को ₹135.20 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है, जिसमें से ₹86.31 लाख की राशि अब तक जारी की जा चुकी है।

तेलंगाना राज्य में माननीय राज्यपाल के संरक्षण में कार्यरत भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को राहत प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अतिरिक्त, यह संस्था अनेक परोपकारी संस्थानों का संचालन करती है, जो विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले वंचित वर्ग को निःशुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं। रेड क्रॉस एक स्वयंसेवी-आधारित संगठन है, जिसे परोपकारी व्यक्तियों एवं संस्थाओं से प्राप्त सहयोग से सुदृढ़ता मिलती है। तेलंगाना राज्य में रेड क्रॉस सोसायटी ने सुरक्षित रक्त आधान सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है तथा इसके अंतर्गत राज्यभर में सात रक्त बैंक संचालित किए जा रहे हैं।

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, तेलंगाना राज्य शाखा द्वारा रंगा रेड्डी जिला, गोपनपल्ली में एक अत्याधुनिक, पूर्णतः सुसज्जित रेड क्रॉस रक्त बैंक की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित रक्त बैंक की स्थापना से कैंसर रोगियों, थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों, वायरल बुखार के रोगियों, गर्भवती एवं उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के मामलों, आघात एवं आपातकालीन मरीजों तथा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों एवं अस्पतालों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

हडको द्वारा वर्ष 2024-25 में उक्त रक्त बैंक की स्थापना हेतु एंबुलेंस वाहन एवं अन्य आवश्यक रक्त बैंक उपकरणों की खरीद के लिए ₹135.20 लाख की सीएसआर सहायता स्वीकृत की गई है। यह पहल राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं जरूरतमंदों को समय पर जीवनरक्षक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।


















# CSR के अंतर्गत HUDCO द्वारा की डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर सोसाइटी, मुलुगु को वित्तीय सहायता

हडको ने अपने CSR पहल के अंतर्गत तेलंगाना राज्य के मुलुगु जिले की डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर सोसाइटी को "20 सरकारी स्वास्थ्य उप-केंद्रों में सोलर पावर पैक तथा 36 सरकारी रेसिडेंशियल होस्टल्स (Govt Residential Hostels) में सोलर वॉटर हीटर उपलब्ध कराने" परियोजना के लिए ₹158.552 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

इस पहल से सरकारी रेसिडेंशियल होस्टल्स के बिजली खर्च में कमी आई है तथा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है, जिससे प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। यह पहल भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है।

श्री टी.एस. दिवाकर, आईएएस, जिला कलेक्टर, मुलुगु ने बताया कि छात्रावासों में सोलर वॉटर हीटर की स्थापना से सर्दियों के दौरान आदिवासी छात्रों में स्केबीज़ (खुजली) के मामलों में कमी आई है।

इसके अतिरिक्त, दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों के सरकारी स्वास्थ्य उप-केंद्रों में स्थापित सोलर पावर पैक से रात्रिकालीन प्रसव, आपातकालीन सेवाओं और सामान्य प्रकाश व्यवस्था के लिए 24×7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को लाभ मिला है।












# हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में खेल दिवस - 2026 का आयोजन




हडको के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने 22/03/2026 को प्रगति रिसॉर्ट्स में सभी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ 'खेल दिवस – 2026' मनाया। इस दिन की शुरुआत क्षेत्रीय प्रमुख श्री पी. सुभाष रेड्डी के उद्घाटन भाषण से हुई। श्री पी. सुभाष रेड्डी ने दैनिक जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से तंदुरुस्त रखने में सहायक होते हैं।





बाद में, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा क्रिकेट, लेमन एंड स्पून, तंबोला आदि जैसे खेलों का आयोजन बड़े ही उत्साह और रुचि के साथ किया गया। कुछ तस्वीरें यहाँ दी गई हैं।









































समापन समारोह में धन्यवाद प्रस्ताव शामिल था, जिसमें कार्यक्रम के आयोजन और उसमें भाग लेने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



# हडको - हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय की एक्सकर्शन ट्रिप

14 से 16 फरवरी 2026 तक आयोजित भ्रमण यात्रा सभी प्रतिभागियों के लिए हर्षोल्लास और अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुई। इस यात्रा के अंतर्गत ऊटी, कूनूर तथा कोयंबटूर जैसे रमणीय स्थलों का भ्रमण किया गया। ऊटी में सभी ने शांत एवं मनोहारी पाइन फॉरेस्ट, सुरम्य ऊटी झील, सुगंधित चाय एवं चॉकलेट फैक्ट्री, रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित रोज गार्डन तथा नीलगिरि पर्वतमाला की सर्वाधिक ऊँचाई पर स्थित डोड्डाबेट्टा पीक का आनंद लिया, जहाँ से विस्तृत प्राकृतिक दृश्यों का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। यात्रा का विशेष आकर्षण नीलगिरि टॉय ट्रेन की मनमोहक सवारी रही, जिसने घुमावदार पहाड़ियों, धुंध से आच्छादित सुरंगों और हरित वादियों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य प्रस्तुत किए। हँसी-खुशी, विश्राम और आपसी सौहार्द से परिपूर्ण यह भ्रमण कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बीच आत्मीय संबंधों को और सुदृढ़ करने वाला एक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय अनुभव रहा।





## राजभाषा सशक्तिकरण की दिशा में हडको: नराकास के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिताए





हडको के अधिकारी 22/08/2025 को पावरग्रिड कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित अंताक्षरी कार्यक्रम में भाग लेते हुए






श्री सी रजनी कांत, सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) और हिंदी नोडल सहायक को नराकास के तहत 08/12/2025 को आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक होने के लिए SPMCIL के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।



नराकास के सदस्य कार्यालयों के प्रतिभागियों ने 19/11/2025 को IG मिंट में राजभाषा नियम पर प्रश्नोत्तरी में भाग लिया।






**अत्यंत महत्वपूर्ण, सारगर्भित एवं प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री रुद्र नाथ मिश्र जी के नेतृत्व में एनएमडीसी लिमिटेड की राजभाषा टीम ने कार्यशाला को आयोजित करने में अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम का पूरा प्रबंध अनुकरणीय है। 23/01/2026**



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) के मुख्य समन्वय में राजभाषा विभाग एवं सी-डैक के सहयोग से “भारती बहुभाषी सारथी अनुवाद प्रशिक्षण कार्यशाला” का आयोजन 26/02/2026 किया गया। इसमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना राज्य के 300 से अधिक राजभाषा अधिकारी तथा राजभाषा नोडल अधिकारियों एवं राजभाषा कार्यान्वयन से जुड़े/ अधिकारियों ने सहभागिता की।



## माँ मेरी ढाल

माँ तू क्यूँ इतना खटती है, जग सोता तू क्यूँ जगती है,
क्यूँ आँसू हमसे छिपाती हैं, सामने बस मुसकाती है
जब कभी रूथ मैं जाती हूँ, मुझे नए खिलौने से बहलाती है
जब चोट मुझे लगती है, सारा घर सर पे उठाती है
खुद गीले पे सो जाती हो, पर मुझे सूखे पे लिटाती है
खुद सर्द हवाएँ सहती है, पर स्वेटर मेरा बुनती है
हरदम सतर्क तत्पर रहती है, जैसे सेना में भर्ती है
फूँक फूँक खाना खिलाती है, जब उंगली मेरी जलती है
बिन बोले सब कुछ जान जाती है, भावों की भाषा पड़ती है
आटे की गुड़िया बनाती है, और खुद भूखी सो जाती है
हर संकट से बचाती है, दुर्गा काली बन जाती है
नित नए पाठ पढ़ती है, मेरी शिक्षिका बन जाती है
जब विद्यालय को देर हो जाती है, संग दौड़ मेरे लगाती है
खुद पसीने से नहाती है, पर पंखा मेरा झलती है
संग हंसी ठिठोली करती है, सखी सहेली सब बनती है
निस्वार्थ भाव छलकाती है, प्रेम से गले लगाती है
मेरा दुख पहचानती है, बस कामयाबी की दुआ मांगती है
बारिश से मुझे बचाती हो, छाता मेरी बन जाती हो
माँ बहुत प्रेरणादायक है, मेरी कहानी की नायक है
ईश्वर जहां जा नहीं पाता है, वहाँ वो माँ को बसाता है
सारी दुनिया सच कहती है, जन्नत माँ के चरणों में रहती है



**श्रीमती कीर्ति एस. कपूर**
*सहायक महाप्रबंधक (वित्त)*

## हैदराबादी पारंपरिक मिठाई की रेसिपी

### कुबानी का मीठा

***सामग्री:***

- सूखे खुबानी – 1 कप
- चीनी – ½ कप (स्वादानुसार)
- पानी – 2 कप
- नींबू रस – 1 छोटा चम्मच (वैकल्पिक)
- फ्रेश क्रीम या व्हिप क्रीम – सजावट के लिए
- पिस्ता या बादाम (कटा हुआ) – सजाने के लिए

---

***विधि:***

खुबानी को अच्छे से धोकर रातभर या 6-8 घंटे पानी में भिगो दें। नरम होने पर बीज निकाल लें और अंदर के गुठली के बीज को अलग रखें (अगर चाहें तो)।
भीगी हुई खुबानी को उसी पानी के साथ एक पैन में डालें।
धीमी आंच पर पकाएं जब तक खुबानी नरम होकर गाढ़ी न हो जाए। बीच-बीच में चलाते रहें।
इसमें चीनी डालें और अच्छे से मिलाएं। चीनी घुल जाने तक और मिश्रण चमकदार होने तक पकाएं।
स्वाद संतुलित करने के लिए थोड़ा नींबू रस डाल सकते हैं।
ठंडा होने दें। ठंडा या गरम परोसें, ऊपर से क्रीम या व्हिप क्रीम डालें। ऊपर से पिस्ता या खुबानी के बीज से सजाएं।

---

परोसने की टिप: हैदराबादी शादियों और त्योहारों में परोसे जाने वाला यह मीठा वनीला आइसक्रीम के साथ भी बहुत स्वादिष्ट लगता है।



**श्रीमती सैयद सीमा**
*श्री एस. रहीमउद्दीन की पत्नी*
*संयुक्त महाप्रबंधक (परियोजना)*



## समक्का-सरलम्मा जातरा (समक्का-सरलम्मा जाथरा): इतिहास और महत्व

समक्का–सरलम्मा जातरा, जिसे मेडारम जातरा भी कहा जाता है, भारत के सबसे बड़े जनजातीय धार्मिक उत्सवों में से एक है। यह उत्सव प्रत्येक दो वर्ष में तेलंगाना के मुलुगु जिले के घने जंगलों में स्थित मेडारम गांव में आयोजित किया जाता है। इस जातरा में लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं और यह जनजातीय संस्कृति, आस्था तथा इतिहास का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है।

लोककथाओं के अनुसार, वर्तमान जगतियाल जिले के पोलवासा क्षेत्र पर शासन करने वाले आदिवासी प्रमुख मेडराजु एक दिन शिकार के लिए जंगल गए। वहाँ उन्हें एक मिट्टी के टीले पर खेलती हुई एक छोटी बच्ची मिली, जिसका नाम उन्होंने समक्का रखा और उसे अपनी पुत्री की तरह पाल-पोसकर बड़ा किया। कहा जाता है कि जब समक्का मिली थीं, तब उनके आसपास बाघ और सिंह जैसे जंगली जानवर खड़े थे, जिससे लोगों ने उन्हें दैवीय शक्ति का रूप माना।

बाद में समक्का का विवाह मेडारम के शासक पगिडिद्दराजु से हुआ। उनके तीन बच्चे हुए—सरलम्मा, नागुलम्मा और जंपन्न। उसी समय काकतीय शासक प्रतापरुद्र प्रथम ने राज्य विस्तार के उद्देश्य से इस क्षेत्र पर आक्रमण किया। भयंकर अकाल के कारण पगिडिद्दराजु काकतीयों को कर नहीं दे सके, जिसके कारण काकतीय सेना ने मेडारम पर हमला कर दिया।

पगिडिद्दराजु, समक्का, सरलम्मा, नागुलम्मा, जंपन्न और गोविंदराजु ने पारंपरिक हथियारों के साथ वीरतापूर्वक गुरिल्ला युद्ध किया। इस युद्ध में मेडराजु, पगिडिद्दराजु, सरलम्मा, नागुलम्मा और गोविंदराजु वीरगति को प्राप्त हुए। यह समाचार सुनकर जंपन्न ने संपेंगा वागु नदी में कूदकर आत्मबलिदान दे दिया, जिसके बाद वह नदी जंपन्न वागु के नाम से प्रसिद्ध हो गई।

इसके बाद समक्का ने अकेले ही युद्ध जारी रखा, किंतु गंभीर रूप से घायल होने के बाद वे चिलुकला गुट्टा की ओर चली गईं और रहस्यमय रूप से लुप्त हो गईं। बाद में वहाँ केवल हल्दी और कुमकुम से भरा एक पात्र मिला, जिसे उनका प्रतीक माना गया।

तभी से प्रत्येक दो वर्ष में माघ पूर्णिमा के अवसर पर यह जातरा चार दिनों तक बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। श्रद्धालु देवी को गुड़ अर्पित करते हैं और पारंपरिक नृत्य, गीत तथा पूजा के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

समक्का–सरलम्मा जातरा जनजातीय समाज की आस्था, वीरता और सांस्कृतिक पहचान का अद्भुत प्रतीक है और आज यह भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है।





**श्रीमती बी श्रवन्थि बनोथ**
*वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)*



## तेलंगाना राज्य में हडको प्रचलन संचयी प्रदर्शन

| विवरण | मार्च, 2026 तक |
|---|---|
| परियोजनाओं की कुल संख्या | 885 |
| परियोजना लागत (राशि करोड़ में) | 80686.14 |
| स्वीकृत ऋण (राशि करोड़ में) | 47688.16 |
| जारी ऋण (राशि करोड़ में) | 32980.17 |
| कुल आवासीय यूनिट | 1255819 |
| ई डब्लू एस (शहरी) | 357618 |
| ई डब्लू एस (ग्रामीण) | 773315 |
| एल आई जी (शहरी) एवं एल आई जी (ग्रामीण) | 97379 |
| एम आई जी / एच आई जी / अन्य | 27507 |
| अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की संख्या | 90 |
| स्वीकृत ऋण (राशि करोड़ में) | 27804.37 |
| **कॉर्पोरेट सामजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत प्रदान की गयी सहायता** | |
| स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या | 20 |
| स्वीकृत सीएसआर अनुदान राशि (करोड़ में) | 13.31 |
| सीएसआर अनुदान राशि (करोड़ में) | 8.09 |



# हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
5-10-193, पहली मंज़िल, HACA भवन
पब्लिक गार्डन्स के सामने, हैदराबाद -500004
इ-मेल : hro@hudco.org

# पंजीकृत कार्यालय

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
हडको भवन, कोर -7A, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड,
नई दिल्ली - 110 003
वेबसाइट : www.hudco.org.in